
# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# WhatsApp का बड़ा धमाका! अब एक ही अकाउंट दो मोबाइल में इंस्तेमाल करें, जाने आसान सेटअप तरीका।


Publisher


Published on 25 Jun 2025

## WhatsApp के Multi-Device फीचर से अब बिना थर्ड पार्टी ऐप के एक ही अकाउंट दो स्मार्टफोन में चलाएं, चैट और डेटा रहेगें पूरी तरह सुरक्षित।

**नई दिल्ली, जून 2025: WhatsApp यूज़र्स** के लिए खुशखबरी है! अब एक ही **WhatsApp** अकाउंट को दो **अलग-अलग स्मार्टफोन्स** में चलाना संभव हो गया है। पहले जहां **WhatsApp** केवल एक फोन पर ही इस्तेमाल किया जा सकता था, वहीं अब **Meta ने Multi-Device फीचर** की मदद से इस सुविधा को और भी आसान बना दिया है।

अब यूज़र्स एक ही **WhatsApp अकाउंट** को एक साथ चार डिवाइस में चला सकते हैं, जिनमें **दूसरा स्मार्टफोन भी शामिल** है। इसके लिए न तो किसी थर्ड पार्टी ऐप की जरूरत है, न ही किसी तरह के हैक की। कंपनी ने इसे पूरी तरह **सुरक्षित** और **यूज़र-फ्रेंडली** बनाया है।

**WhatsApp को दो फोन मे ऐसे चलाएं – आसान तरीका**

१. **दूसरे फोन में WhatsApp इंस्टॉल करें – लेकिन उसमें अपना नंबर न डालें।**
२. **"Link to Existing Account" ऑप्शन चुनें – वेलकम स्क्रीन पर यह विकल्प दिखेगा।**
३. **QR कोड स्कैन करें – दूसरे फोन की स्क्रीन पर एक QR कोड नजर आएगा।**

मुख्य फोन से स्कैन करें –

१. **अपने मुख्य फोन में WhatsApp खोलें**

२. **Settings > Linked Devices पर जाएं**
३. "**Link a Device" चुने और QR कोड स्कैन करे**
४. **बस! इसके बाद आपके दोनों फोन मे एंक ही WhatsApp अकाउंट चालू हो जाएगा। आपकी सारी चैट, मीडिया और कॉल दोनों डिवाइसेज़ मे Sync रहेगी।**

**QR कोड नहीं दिख रहा?**

अगर "**Link to Existing Account**" का विकल्प नहीं दिख रहा है तो आप ब्राउज़र में **WhatsApp Web** खोलकर भी यह फीचर इस्तेमाल कर सकते हैं।

**क्या चैट और डेटा सुरक्षित रहेगें?**

जी हां! WhatsApp का ये नया **Multi-Device फीचर End-to-End Encryption** सपोर्ट करता है। यानी आपकी **पर्सनल चैट्स** और **कॉल्स** पूरी तरह सुरक्षित हैं, चाहे आप एक डिवाइस पर हों या चार पर। आपकी प्राइवेसी से कोई समझौता नहीं होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.